विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव से संबंधित प्रमुख समाचारों की क्लिपिंग्स

05-02-2021

निरीक्षा शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै0 जागरण लखनऊ

चौरी-चौरा जनप्रतिरोध शताब्दी महोत्सव का पीएम मोदी ने किया शुभारंभ, देश को दिलाया भरोसा

किसानों की जमीन कोई नहीं छीन सकता

बृजेश दुबे • गोरखपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भरोसा दिलाया कि गांवों में गरीबों-किसानों के घर व जमीन पर अब कोई कुदृष्टि नहीं डाल पाएगा। देश की प्रगति का सबसे बड़ा आधार हमारा किसान रहा है। किसान आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें इसके लिए पिछले छह सालों में लगातार प्रयास किए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने दशकों तक लगभग विस्मृत रहे चौरी-चौरा जनप्रतिरोध के शताब्दी महोत्सव का वीडियो कांफ्रेंस के जरिए शुभारंभ करते हुए उन 19 बलिदानियों को नमन किया, जिन्हें 4 फरवरी, 1922 को 23 पुलिस कर्मियों को थाने में जला कर मार दिए जाने के आरोप में फांसी की सजा दी गई थी। इस जनप्रतिरोध के कारण महात्मा गांधी को असहयोग आंदोलन स्थगित करना पड़ा था। महोत्सव पूरे प्रदेश में सालभर चलेगा। प्रधानमंत्री ने 'स्वरक्तैः स्वराष्ट्रम रक्षेत' के संदेश के साथ पांच रुपये का डाक टिकट भी जारी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चौरी चौरा संग्राम में किसानों की बड़ी भूमिका थी। किसानों के लिए सरकार के छह साल के प्रयासों का परिणाम कोरोना काल में देखने को भी मिला। कृषि क्षेत्र सबसे मजबूत होकर उभरा। रिकार्ड उत्पादन कर दिखाया। हम कृषि क्षेत्र को लाभदायक व्यापार बनाएंगे। उत्तर प्रदेश में केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गांव की जमीनों व घरों के कागज वहां के लोगों को दिए जा रहे हैं। जब जमीन-घर के सही कागज होंगे तो उनका मूल्य बढ़ेगा और बैंकों से आसानी से कर्ज भी मिल जाएगा। इसका बहुत बड़ा लाभ देश के छोटे किसानों और गरीब परिवारों को होगा। बजट में ग्रामीण क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 40 हजार करोड़ रुपये देने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि इसका सीधा लाभ किसानों को होगा। चौड़ी सड़कें मिलेंगी। फसल बेचने के लिए फायदे की मंडियां मिलेंगी। इसके लिए एक हजार और मंडियों को ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार के पोर्टल) से जोड़ा जा रहा है।

पूर्ववर्ती सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि लोगों ने बजट को वोट बैंक के हिसाब किताब का बही खाता बना दिया था। घोषणाएं भी ऐसी की जाती थीं, जो पूरी नहीं हो पाती थीं। तमाम दिग्गज कह रहे थे कि इस साल जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ेगा, लेकिन हमने खर्च बढ़ाया है। इससे विकास होगा। गांव शहर से जुड़ेगा। प्रधानमंत्री ने सामूहिकता पर भी जोर दिया। कहा, जिन सामूहिक प्रयासों से गुलामी की बेड़ियां तोड़ीं, वही भारत को दुनिया में ताकतवर बनाते हैं। यह आत्मनिर्भरता का मूल आधार है। इसी ताकत पर कोरोना काल की विपरीत परिस्थिति में वैश्विक परिवार की भलाई के लिए कदम उठाए। 50 लाख से अधिक लोगों को उनके घर पहुंचाया। हजारों विदेशी नागरिकों को उनके देश में सुरक्षित जाने की व्यवस्था की। 150 देशों को वैक्सीन पहुंचाई। इससे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को गर्व होगा। आज हमारा टीकाकरण अभियान दुनिया भर के लिए अध्ययन का विषय है।

संबंधित सामग्री >> जागरण सिटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गोरखपुर में चौरी-चौरा शताब्दी समारोह को संबोधित किया • एएनआइ

बोले प्रधानमंत्री

- कोरोना काल में मजबूत होकर उभरा कृषि क्षेत्र, रिकार्ड उत्पादन
- पहले लोगों ने बजट को बना दिया था वोट बैंक का बही-खाता
- सामूहिकता ही भारत को ताकतवर बनाती है, आत्मनिर्भरता का मूल भी

चौरी-चौरा जनप्रतिरोध को नहीं मिला पूरा महत्व

चौरी-चौरा जनप्रतिरोध को हाशिये पर रखने को दुर्भाग्य बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसकी जितनी चर्चा होनी चाहिए थी, नहीं हुई। सौ वर्ष पहले चौरी चौरा में जो हुआ, वह थाने में आग लगाने की घटना भर नहीं थी, व्यापक संदेश था। आग थाने में नहीं लगी थी, लोगों के दिलों में लगी थी। ऐसी कम घटनाएं होंगी, जहां 19 लोगों को फांसी दे दी गई। बाबा राघवदास और महामना मालवीय जी के प्रयासों ने 150 लोगों को फांसी से बचा लिया। आज का दिन बाबा राघवदास और महामना को भी याद करने का है।

स्वदेशी, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की ओर हों अग्रसर: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार फरवरी, 1922 को चौरी चौरा में हुए जनाक्रोश ने न सिर्फ स्वाधीनता आंदोलन की दिशा बदल दी, बल्कि आजादी का अमूल्य संघर्ष भी यहीं से शुरू हुआ। यह समारोह उन हुतात्माओं और बलिदानियों के प्रति श्रद्धा अर्पित करने का मौका है, जिन्होंने प्राण न्योछावर कर दिए। स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वच्छता से आत्मनिर्भरता ही बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। देखें >> जागरण सिटी।



महोत्सव में शहीद सेनानियों के वंशजों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

गोरखपुर विकास का उदाहरण

प्रधानमंत्री ने गोरखपुर को विकास का उदाहरण बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां इंसेफलाइटिस के खात्मे के लिए जो प्रयास किया, उसकी प्रशंसा बड़ी-बड़ी संस्थाएं कर रही हैं। इलाज के लिए एम्स के डाक्टर हैं। चौड़ी सड़कें हैं। आठ फ्लाइट हैं। कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है। सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, देवरिया में मेडिकल कालेज बन रहे हैं। यही स्वतंत्रता सेनानियों को असली श्रद्धांजलि है।

'गोरक्षनाथ क धरती के प्रणाम करत बाटीं'

प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन भोजपुरी में शुरू किया। बोले-'भगवान शिव अवतारी गोरक्षनाथ क धरती के प्रणाम करत बाटीं। देवरहा बाबा के आशीर्वाद से ई जिला खूब आगे बढ़त बा। आप सबै के नमन करत बाटीं।' इस पर पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 हिन्दुस्तान लखनऊ

गोरखपुर में चौरीचौरा शताब्दी वर्ष समारोह का प्रधानमंत्री ने वर्चुअल उद्घाटन किया

किसानों को सशक्त बनाने की कोशिश कर रहे : मोदी

गोरखपुर/लखनऊ | हिटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले छह वर्षों से सरकार किसानों की स्थिति बदलने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसका परिणाम कोरोना काल में भी देखने को मिला। महामारी की चुनौतियों के बीच भी किसानों ने रिकॉर्ड उत्पादन किया। किसान और सशक्त होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने ये बातें गुरुवार को चौरीचौरा कांड के शताब्दी वर्ष समारोह का नई दिल्ली से ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए कहीं। इस मौके पर उन्होंने चौरीचौरा पर डाक टिकट भी जारी किया। कार्यक्रम से राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ऑनलाइन जुड़ीं जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समारोह स्थल पर मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने भाषण की शुरुआत भोजपुरी में 'प्रणाम करत बानी...' कहकर की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में ऐसी कम ही घटनाएं हुई होंगी, जिसमें किसी एक घटना पर 19 सेनानियों को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया हो।

भारत बड़ी ताकत बनेगा पेज 09



गोरखपुर में गुरुवार को चौरीचौरा कांड के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कांफ्रेंस से इस कार्यक्रम से जुड़े।

विश्व रिकॉर्ड बना

संस्कृति व पर्यटन विभाग की ओर से चौरीचौरा शताब्दी वर्ष के अंतर्गत वन्देमातरम् गायन में विश्वरिकॉर्ड बन गया। दो दिन में डेढ़ लाख से ज्यादा ऑनलाइन वीडियो आए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि वन्देमातरम् के वीडियो अपलोड कर गिनीज बुक में रिकार्ड दर्ज कराया गया है।

शहीदों को नमन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दफ्तर के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट ने अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदल कर चौरीचौरा के शहीदों को नमन किया है। चौरीचौरा शताब्दी महोत्सव के 'लोगो' में राष्ट्र भक्ति का संदेश है। प्रोफाइल पिक्चर के तौर पर चौरीचौरा महोत्सव के शताब्दी वर्ष का 'लोगो' लगाया गया है।

19 स्वतंत्रता सेनानियों को चौरीचौरा घटना में फांसी दी गई थी

04 फरवरी 2022 तक चलेगा शताब्दी वर्ष समारोह

चौरीचौरा ने बदली आजादी के आंदोलन की दिशा : योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 4 फरवरी 1922 के चौरीचौरा के जनाक्रोश ने स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी थी। देश के अंदर स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वच्छता का भाव लाना बलिदानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि चौरीचौरा शताब्दी समारोह देश को स्वतंत्र कराने वाले हुतात्माओं एवं भारत माता के बलिदानियों के प्रति श्रद्धा व सम्मान व्यक्त करने का समारोह है।

स्मारकों पर होंगे कार्यक्रम पेज 09
सौ साल में भी नहीं मिली थी पहचान पेज 09

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 हिन्दुस्तान लखनऊ

● गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा ● इस मौके पर शहीदों के परिवारीजनों को किया गया सम्मानित

शहीद स्मारकों पर साल भर चलेंगे कार्यक्रम

समारोह

गोरखपुर | मुख्य संवाददाता

चौरीचौरा शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन से यह समारोह हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अगुवाई में प्रदेश के सभी स्मारकों पर शहीदों के प्रति श्रद्धा समर्पित करने के कार्यक्रमों की शृंखला शुरू हुई है। 1857 से लेकर 1947 तक स्वाधीनता संग्राम से जुड़े सेनानियों के स्मारकों पर ये कार्यक्रम आयोजित होंगे।

स्मारकों पर पुलिस बैंड की धुन पर राष्ट्र भक्ति के गीतों की प्रस्तुति, काव्य गोष्ठी और दीपोत्सव होंगे। विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन और स्वाधीनता इतिहास साहित्य से जुड़ी प्रदर्शनी के साथ ही विशिष्ट शोध को बढ़ावा दिया जाएगा।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी और स्वावलंबन के साथ ही हमें स्वच्छता पर भी ध्यान देना है। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के चलते इंसेफेलाइटिस को नियंत्रित करने में सफल हुए हैं। यह सफलता एक मिसाल है।

उन्होंने कहा कि आज देश पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने लोगों से इसमें जुटने का आह्वान किया। योगी ने लोगों से 'स्वरक्तम स्वराष्ट्रे रक्षतं' का भाव जगाने की अपील की।

शहीदों के परिवारीजनों का सम्मान

समारोह में चौरीचौरा जनाक्रोश के शहीदों के 99 परिवारीजनों को सम्मानित किया गया। सीएम के हाथों सम्मानित होने वालों में रामनवल पुत्र गजराज, ओम प्रकाश पुत्र गंगा, बालकिशुन पुत्र रमेश, गुलाब पुत्र हरिलाल, वीरेंद्र, राम आशीष पुत्र जयमंगल, मानसिंह यादव पुत्र अंबिका, हरिलाल पुत्र महादेव, सौदागर अली, कल्लन पुत्र हसमत, रामराज पुत्र सुखदेव, सत्या चरण पुत्र बब्बूलाल, दशरथ, रामनारायण तिवारी शामिल रहे।

99 शहीदों के परिवारीजनों को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया

गर्व के पल

"आज हमरे दादा की आत्मा संतुष्ट हो गईल। दादा रुदाली के फांसी भइल रहल। 99 साल में अइसन सम्मान कबहुं न मिलल रहे। अब हमरे लइके भी गर्व महसूस करिहें। सत्या चरण, लक्ष्मणपुर

बाबा नजर अली पुत्र हुसैन को फांसी हो गई थी। उनके सम्मान में इतना बड़ा कार्यक्रम सरकार ने आयोजित कर हमें गौरव प्रदान किया है। अब हमारे बाबा की प्रतिमा भी गांव में लगाई जाए। जिससे हमारे पूर्वजों का मान बढ़े।

कल्लन अहमद, डुमरी खुर्द

पीएम नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ऑनलाइन संबोधित किया।

राष्ट्र राजनीति की हर सीमा से ऊपरः स्वतंत्र

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने चौरीचौरा शताब्दी दिवस के अवसर पर गुरुवार को लखनऊ स्थित शहीद स्मारक पहुंच कर देश के लिए प्राण-न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि इस शताब्दी समारोह के आयोजन से भावी पीढ़ी चौरीचौरा के शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देगी। राष्ट्र की एकता, अखंडता व सम्मान, राजनीति की हर सीमा से ऊपर है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यह शताब्दी समारोह शुरू किया गया है। चौरीचौरा की घटना स्वाधीनता आंदोलन में निर्णायक मोड़ थी। जिसने स्वाधीनता की एक ऐसी अलख जगाई जिसकी परिणीति आजादी में हुई। दुर्भाग्य है कि देश के लिए बलिदान देने वाले इन शहीदों को इतिहास में वह सम्मान नहीं दिया गया जिसके वे हकदार थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरे मनोयोग से कार्य कर रही है।

सौगात

दिव्यांगों को दी ट्राइसाइकिल

मंच के निकट ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस एतिहासिक अवसर पर 100 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की। सभी लाभार्थियों को सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट भी दिए।

श्रद्धा

सीएम ने स्मारक पर पुष्प अर्पित किए

मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों के प्रति श्रद्धा निवेदित की। क्रांतिकारियों की पैरवी करने वाले पंडित मदन मोहन मालवीय पर आधारित वृतचित्र 'महामना' का प्रदर्शन भी सीएम ने देखा।

प्रदर्शन

बच्चों ने थीम सॉन्ग प्रस्तुत किया

समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ते ही मंच पर बच्चों ने चौरीचौरा थीम सांग 'चौरीचौरा के वीरों ने रचा नया इतिहास' पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। चौरीचौरा पर आधारित वृतचित्र भी प्रदर्शित हुआ।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 हिन्दुस्तान लखनऊ

प्रधानमंत्री ने कहा

सामूहिकता की शक्ति से भारत बड़ी ताकत बनेगा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चौरीचौरा के आंदोलन में किसानों की बड़ी भूमिका थी। क्रांति से जुड़े लोग अलग-अलग गांवों और पृष्ठभूमि के थे लेकिन वे सब मिलकर मां भारती की संतान थे। सामूहिकता की शक्ति से ही गुलामी की बेड़ियां तोड़ी गईं। वही शक्ति भारत को दुनिया की बड़ी ताकत बनाएगी। आत्मनिर्भर भारत दुनिया में दखल रखेगा। मोदी ने कृषि कानूनों को लेकर भी संदेश देने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि किसान शुरू से देश की अर्थव्यवस्था का आधार रहा है। देश में मंडियों को किसानों के फायदे का बाजार बनाने की कोशिश हो रही है। बजट में 1000 मंडियों को ऑनलाइन जोड़ने का प्रावधान किया गया है।

पूरे विश्व की भलाई के लिए कर रहे हैं काम

पीएम ने कहा कि सामूहिकता की शक्ति आत्मनिर्भर भारत का अभियान है। इससे आज सिर्फ देश के 130 करोड़ नागरिक आत्मनिर्भर नहीं बन रहे, बल्कि हम पूरे विश्व की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। हमने कोरोना काल में 150 से अधिक देशों के लिए जरूरी दवाइयां भेजीं। भारत वैक्सीन बना रहा है। दुनिया के तमाम देशों को वैक्सीन भेजी जा रही है। यह सब देखकर आज स्वतंत्रता सेनानियों को गर्व की अनुभूति होती होगी। प्रधानमंत्री ने प्रदेश में लागू पीएम स्वामित्व योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब गांवों की जमीन का एक-एक कागज उसके स्वामी को उपलब्ध कराया जा रहा है। जमीन के सही कागज होंगे तो उनका मूल्य तो बढ़ेगा ही, आसानी से कर्ज भी मिल जाएगा।

शहीदों को श्रद्धांजलि



लखनऊ में गुरुवार को चौरीचौरा कांड के शताब्दी वर्ष समारोह पर मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने शहीद स्मारक पर फूल चढ़ाए।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 हिन्दुस्तान लखनऊ

गोरखपुर में चौरीचौरा शहीद स्मारक पर गुरुवार को आयोजित शताब्दी समारोह में शहीदों के परिवारजनों को सम्मानित करते सीएम योगी आदित्यनाथ।



समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसका लोगों ने खूब आनंद लिया।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 नवभारत टाइम्स लखनऊ

'बजट को वोटबैंक का बहीखाता बना दिया था पिछली सरकारों ने'

पीएम ने कहा-किसान सशक्त होगा तो प्रगति और तेज होगी

एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को चौरी चौरा शताब्दी समारोह का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने शहीदों को नमन करने के साथ ही हालिया बजट की उपलब्धियां गिनाईं। किसानों के लिए उठाए कदमों का खासतौर पर जिक्र किया और पुरानी सरकारों पर वादाखिलाफी के लिए निशाना साधा। मोदी ने कहा कि दशकों से बजट का मतलब यही हो गया था कि किसके नाम पर क्या घोषणा की गई। पिछली सरकारों ने बजट को वोटबैंक के हिसाब-किताब का बहीखाता बना दिया था। पीएम ने गोरखपुर के चौरी चौरा में 4 फरवरी, 1922 के घटनाक्रम के 100 साल पूरे होने पर विशेष डाक टिकट भी जारी किया।

चौरी चौरा शताब्दी समारोह

मोदी ने कहा कि आम आदमी भी घर खर्च का लेखा-जोखा वर्तमान व भविष्य की चुनौतियों के हिसाब से बनाता है। लेकिन, पिछली सरकारों ने बजट को ऐसी घोषणाओं का माध्यम बना दिया था जो कभी पूरी ही न हो सकें। देश ने अब वह सोच व एप्रोच बदल दी है। पीएम ने कहा कि जब हम बजट तैयार कर रहे थे तो कई दिग्गजों ने कहा कि टैक्स बढ़ाने ही होंगे, कोरोना के चलते आई दिक्कतों के कारण जनता पर बोझ डालना ही होगा। लेकिन, हमने नागरिकों पर कोई बोझ नहीं बढ़ाया।

चौरी चौरा के शहीदों को उचित सम्मान नहीं मिला: पीएम ने कहा कि 100 वर्ष पहले चौरी चौरा में जो हुआ, वह एक थाने में आग लगाने की घटना भर नहीं था। इसका संदेश बहुत बड़ा व व्यापक था। अनेक वजह से पहले जब भी चौरी चौरा की बात हुई तो उसे एक सामान्य आगजनी के तौर पर देखा गया। आग कैसे लगी, किन वजहों से लगी, यह भी समान तौर पर महत्वपूर्ण था। दरअसल आग जन-जन के दिलों में लगी थी। यह दुर्भाग्य है कि चौरी चौरा के शहीदों की जितनी चर्चा होनी चाहिए थी, उतनी नहीं हो पाई।



योगी सरकार की तारीफ : पीएम ने पूर्वांचल के विकास व इंसेफेलाइटिस पर काबू पाने के प्रयासों की भी जमकर तारीफ की। कहा कि इंसेफलाइटिस पर नियंत्रण को लेकर योगी के नेतृत्व में गोरखपुर के लोगों ने जो काम किया है, उसकी तारीफ दुनिया की बड़ी-बड़ी संस्थाएं कर रही हैं। देखें ▸▸ पेज 2

गोरखपुर में गुरुवार को चौरी चौरा कांड शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुए समारोह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। (इनसेट) सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस कांड में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों (तस्वीर में राम नारायण तिवारी) को स्मृति चिह्न और शॉल भेंटकर सम्मानित किया।

NBT

1.50 लाख लोगों ने सैल्यूट की मुद्रा में वंदेमातरम् गाकर बनाया रेकॉर्ड

एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार से शुरू हुई मुहिम में पूरे प्रदेश से डेढ़ लाख से अधिक लोगों के सैल्यूट मुद्रा में वांदेमातरम् गाते हुए विडियो अपलोड हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अभियान में शामिल हुए। अब गिनेस बुक ऑफ रेकॉर्ड अपलोड विडियो की स्क्रूटनी करेगा। इसके बाद रेकॉर्ड की घोषणा की जाएगी। अभी इंग्लैंड की एक संस्था के नाम यह रेकॉर्ड है।

'किसानों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए'

मोदी ने कहा कि हमारे देश की प्रगति का सबसे बड़ा आधार किसान रहा है। चौरी चौरा आंदोलन में भी उनकी बड़ी भूमिका थी। कोरोना काल में किसानों ने अपना सामर्थ्य दिखाया। कृषि क्षेत्र आगे बढ़ा व रेकॉर्ड उत्पादन हुआ। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। मंडियां किसानों के फायदे का बाजार बनें, इसके लिए एक हजार और मंडियों को ई-नैशनल मिशन ऑफ एग्रीकल्चर (ई-नाम) से जोड़ा जाएगा। इससे किसान कहीं भी अपनी फसल बेच सकेगा। स्वामित्व योजना से कोई किसानों की जमीन पर बुरी दृष्टि नहीं डाल पाएगा।

'स्वावलंबन और स्वदेशी अपनाना सच्ची श्रद्धांजलि'

सीएम योगी ने कहा कि चौरी चौरा शताब्दी समारोह देश को स्वतंत्र करवाने वाले बलिदानियों के प्रति श्रद्धा व सम्मान व्यक्त करने का समारोह है। देश के अंदर स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वच्छता का भाव लाना इनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सीएम ने कहा कि सरकार ने 1857 से लेकर 1947 तक स्वाधीनता संग्राम से जुड़े सभी स्मारकों और देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले जवानों के स्मारकों पर प्रदेशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की शृंखला शुरू की है। 'तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहे ना रहें' का भाव जगाकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी ऑनलाइन जुड़ीं।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 नवभारत टाइम्स लखनऊ

शहीदों के परिवारों को सीएम ने किया सम्मानित

एनबीटी, गोरखपुर : मुख्यमंत्री ने शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारीजानों को सम्मानित कर उनका हालचाल पूछा। उन्होंने चौरीचौरा कांड के शहीद परिवारों के आश्रित रामनवल, ओम प्रकाश, बालकिशुन, गुलाब, वीरेंद्र, रामआशीष, मानसिंह यादव, हरिलाल, सौदागर अली, कल्लन पुत्र, रामराज, सत्या चरण, दशरथ, रामनारायण तिवारी को सम्मानित किया। सीएम ने 100 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकल भी दी। समारोह में पहुंचने के बाद योगी ने सबसे पहले चौरी चौरा शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। समारोह से जैसे ही प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से जुड़े स्कूली बच्चों ने चौरीचौरा थीम सॉनग 'चौरीचौरा के वीरों ने रचा नया इतिहास' पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। प्रधानमंत्री ने बच्चों की प्रस्तुति पर खुशी का इजहार करते हुए देर तक ताली बजाई।

'पूर्वजों की वजह से देश हमारा सम्मान कर रहा'

एनबीटी, गोरखपुर : शताब्दी समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारीजनों की खुशी देखने लायक थी। शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण, पूर्वजों के प्रति सरकार के सम्मान से वे अभिभूत हो गए। परिवारीजनों को जब मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया तो उन्होंने पूर्वजों को नमन किया कि आज उनकी वजह से देश हमारा सम्मान कर रहा है। गुलाब चौरसिया, मोहन राजभर, राम नारायण त्रिपाठी, कमला गुप्ता, शारदानंद यादव, मैनुद्दीन ने कहा कि इस आयोजन से सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 राष्ट्रीय सहारा लखनऊ

चौरीचौरा की आग से जगा आजादी का जज्बा : पीएम

दिल्ली से चौरीचौरा शताब्दी समारोह का पीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन



पीएम का भोजपुरी में अभिवादन

'हम गुरु गोरक्षनाथ की धरती के प्रणाम करत बानी'

100 वर्ष पहले चौरीचौरा में जो हुआ वह सिर्फ न तो एक आगजनी की घटना थी न ही थाने को आग लगाने की। उसका संदेश व्यापक था। आग थाने में नहीं बल्कि जन-जन के दिलों में प्रज्वलित हो चुकी थी जो बाद में बढ़ती ही चली गई : **प्रधानमंत्री**

देश की तरक्की के पीछे किसान

■ लखनऊ/गोरखपुर (एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौरीचौरा जनाक्रोश के दौर में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार के पहले किसानों को वोट बैंक का वही खाता समझा जाता था। बजट में उनके लिए कुछ लोगों के नाम पर आधारित ऐसी घोषणाएं की जाती थीं, जो कभी पूरी ही नहीं होती थीं। सोच बदल गई तो अप्रोच बदल गई। कोरोना काल की चुनौतियों के बीच इस बार हमने ऐसा बजट दिया है जो इन चुनौतियों के समाधान को नई तेजी देगा।

प्रधानमंत्री बृहस्पतिवार को आजादी के आंदोलन को निर्णायक दिशा देने वाले चौरीचौरा जनाक्रोश शताब्दी समारोह के शुभारंभ के मौके पर वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित किया और विशेष डाक टिकट भी जारी किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े पीएम मोदी ने कहा कि चौरीचौरा आंदोलन में किसानों की बड़ी भूमिका रही है। आज भी हमारी प्रगति का आधार किसान ही हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार बजट में ग्रामीण क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड बढ़ाकर 40 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। 1000 नई व आधुनिक मंडियों की व्यवस्था की जा रही है। इसका फायदा किसानों को मिलेगा। वह आत्मनिर्भर बनेंगे। खेती फायदे का सौदा होगी। उन्होंने

वोट बैंक का बहीखाता होते थे पिछली सरकारों के बजट : मोदी

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह भी गांव और किसान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गांव में लोगों के पास अपनी जमीन और मकान के कागज होंगे तो कोई बुरी दृष्टि नहीं डाल पाएगा, कर्ज भी आसानी से मिलेगा। उन्होंने कहा कि चौरीचौरा शताब्दी समारोह के माध्यम से यह वर्ष हमारे लिए संकल्प का वर्ष होगा, अधूरे सपनों को पूरा करने का वर्ष होगा। अमर बलिदानियों की शहादत इस संकल्प को पूरा करने में हमारे लिए प्रेरणा बनेगी।

स्वदेशी, स्वावलंबन व स्वच्छता का भाव ही सच्ची श्रद्धांजलि : योगी

जनाक्रोश ने स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी थी

■ लखनऊ/गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चौरीचौरा शताब्दी समारोह देश को स्वतंत्र कराने वाले हुतात्माओं व बलिदानियों के प्रति श्रद्धा व सम्मान व्यक्त करने का समारोह है। देश के अंदर स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वच्छता का भाव लाना बलिदानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को चौरीचौरा स्मारक स्थल पर शताब्दी समारोह के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

(विवरण पेज 7 पर)

- पीएम ने मुक्तकंठ से की सीएम योगी की सराहना
- चौरीचौरा की घटना को पर्व के रूप में मनाना चाहिए : दिनेश
- वंदेमातरम् गायन का बना विश्व रिकार्ड -पेज 7

चौरीचौरा कांड

चार फरवरी, 1922

- पुलिस की गोली से तीन सेनानी शहीद हो गए थे, ब्रिटिश हुकूमत ने 228 पर मुकदमा चलाया था
- 225 को विभिन्न प्रकार से मुकदमा चलाकर सजा दी थी
- 19 को मृत्युदंड, 14 को आजीवन कारावास, 19 को आठ वर्ष, 57 को पांच, 20 को तीन एवं तीन को दो साल की सजा हुई थी
- बाबा राघव दास और महामना मदन मोहन मालवीय के प्रयास से 150 लोगों को फांसी से बचा लिया गया था

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 राष्ट्रीय सहारा लखनऊ

पीएम ने मुक्तकंठ से की सीएम योगी की सराहना

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

चौरी-चौरा शताब्दी समारोह

संबोधन की शुरूआत भोजपुरी में कर मोदी ने लोगों का दिल जीता

योगी सरकार पूरे साल शहीदों की याद में करेगी कार्यक्रम

चौरीचौरा शताब्दी समारोह का आयोजन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि चौरी-चौरा की घटना महज एक थाने में आगजनी की घटना नहीं थी, बल्कि यह आग जन-जन के मन में प्रज्ज्वलित हो चुकी थी। आजादी के 75वें वर्ष में प्रवेश करते समय चौरीचौरा शताब्दी समारोह और प्रासंगिक है। इतिहास में ऐसी घटनाएं कम ही मिलती है जब एक ही मामले में 19 लोगों को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया हो। आज बाबा राघव दास और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय को भी याद करने का अवसर है जिन्होंने अपने प्रयासों से करीब 150 लोगों को फांसी से बचा लिया।

अपने संबोधन की शुरूआत भोजपुरी में कर पीएम मोदी ने लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिवअवतारी गोरखनाथ की धरती के परनाम करत बाटी। देवरहा बाबा के आशीर्वाद से ई जिला खूब आगे बढ़त बा। चौरीचौरा के महान लोगन के स्वागत करत बाटी। आप सबन के नमन करत बाटी। पीएम ने कहा कि योगी सरकार इस आयोजन के जरिये पूरे साल शहीदों की याद में कार्यक्रम करने जा रही है। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि वे देश के लिए शहीद हुए, उनके कारण हम स्वतंत्र हुए। वे देश के लिए मर सके, हम देश के लिए जीने का संकल्प लें। उन्हें सौभाग्य मिला देश के लिए मरने का, हमें सौभाग्य मिला है देश के लिए जीने का।

वर्चुअल माध्यम से 'चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव' पर केन्द्रित डाक टिकट का विमोचन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

बदलाव और विकास की पेश की तस्वीर : उन्होंने कहा कि यहां कारखाने बन्द थे, सड़कें खस्ताहाल थीं, अस्पताल खुद बीमार थे। आज खाद कारखाना है, एम्स और मेडिकल कॉलेज लोगों को संजीवनी देने को है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे है। जीवन निगलने वाली बीमारी इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण करने वाले योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा आज दुनिया कर रही है। गोरखपुर से 8 बड़े शहरों के लिए फ्लाइट सेवा है, कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शुरूहोने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में हमने 150 देशों के नागरिकों की मदद के लिए दवा भेजी। अपने 50 लाख से अधिक नागरिकों को स्वदेश बुलवाया। आज भारत न केवल तीव्र गति से टीकाकरण अभियान चला रहा बल्कि दुनियाभर को वैक्सीन दे रहा है।

चौरी-चौरा की घटना ने देश की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ/गोरखपुर।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चौरी-चौरा शताब्दी समारोह देश को स्वतंत्र कराने वाले हुतात्माओं व बलिदानियों के प्रति श्रद्धा व सम्मान व्यक्त करने का समारोह है। देश के अंदर स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वच्छता का भाव लाना बलिदानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सीएम बृहस्पतिवार को चौरी-चौरा स्मारक स्थल पर शताब्दी समारोह के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। 4 फरवरी 1922 को चौरी-चौरा के जनाक्रोश ने स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी थी। चौरीचौरा से देश को आजाद कराने का अमूल्य संघर्ष प्रारंभ हुआ था। पुलिस की गोली से तीन सेनानी शहीद हो गए थे। ब्रिटिश हुकूमत ने 228 पर मुकदमा चलाया था। 19 को मृत्युदंड, 14 को आजीवन कारावास और अन्य को 8, 5 वर्ष के कारागार की सजा हुई थी।

स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वच्छता का भाव लाना शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी

सीएम ने कहा कि पीएम की प्रेरणा व मार्गदर्शन से समारोह हो रहा है। 1857 से लेकर 1947 तक स्वाधीनता संग्राम से जुड़े सभी स्मारकों, सीमा पर देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले जवानों के स्मारकों पर आज प्रदेशभर में शहीदों के प्रति श्रद्धा निवेदित करने के कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई है। सभी स्मारकों पर पुलिस बैंड से राष्ट्र भक्ति के कार्यक्रम व दीपोत्सव होंगे। विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन करने और 1857 से लेकर 1947 तक के स्वाधीनता इतिहास साहित्य से जुड़ी प्रदर्शनी के साथ ही विशिष्ट शोध को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी और स्वावलंबन के साथ ही हमें स्वच्छता पर भी ध्यान देना है। सबने देखा है कि पीएम के स्वच्छ भारत मिशन के चलते हम इंसेफेलाइटिस को नियंत्रित करने में सफल हुए है। यह सफलता की नई मिसाल है। आज भारत पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व उनकी प्रेरणा से तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह कहते हुए शहीदों को नमन किया, 'तेरा वैभव अमर रहे माँ, हम दिन चार रहे ना रहें।' उन्होंने लोगो से 'स्वरक्तम स्वराष्ट्रे रक्षतं' का भाव जगाने की अपील की। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल राजभवन लखनऊ से ऑनलाइन जुड़ी।

सीएम ने शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

चौरीचौरा जनाक्रोश के शताब्दी समारोह के अंतर्गत 4 फरवरी 2022 तक पूरे प्रदेश में कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर चौरीचौरा जनाक्रोश के शहीदों के परिजनों को सीएम योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। सीएम ने इन सभी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। सीएम ने कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगजन को मोटर चालित ट्राई साइकिल भी वितरित की। मुख्य समारोह मंच पर आने से पूर्व सीएम ने स्मारक स्थल पर वंदेमातरम के गायन में भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर उन्होंने महामना पर बनाये गये वृतचित्र को भी देखा। इसके पहले गोरखपुर के प्रभारी मंत्री रमापति शास्त्री, बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान व चौरीचौरा की विधायक संगीता यादव ने किया। उप्र के पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. नीलकंठ तिवारी ने सीएम को चौरीचौरा शताब्दी समारोह के 'लोगो' का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सीएम योगी आदित्यनाथ का अभिनन्दन किया। डॉ तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन भी किया।



निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 राष्ट्रीय सहारा लखनऊ

शहीदों के सम्मान में बदली ट्विटर प्रोफाइल

गोरखपुर (एसएनबी)। चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के अवसर पर योगी आदित्यनाथ के ऑफिसिएल ट्विटर अकाउंट ने अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदलकर चौरी चौरा के शहीदों को नमन किया है। चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के 'लोगो' में राष्ट्र भक्ति का संदेश है।

चौरीचौरा महोत्सव के 'लोगो' को प्रोफाइल पिक्चर बनाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

बृहस्पतिवार को देश की स्वतंत्रता में अहम योगदान रखने वाले चौरा चौरी की घटना के शताब्दी वर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में गोरखपुर में चौरी चौरा महोत्सव का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके बाद योगी आदित्यनाथ के ऑफिसियल ट्विटर एकाउंट ने अपनी प्रोफाइल पिक्चर भी बदल दी। प्रोफाइल पिक्चर के तौर पर चौरी चौरा महोत्सव के शताब्दी वर्ष का 'लोगो' लगाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी डाक टिकट में भी चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के लोगो का इस्तेमाल किया है। यह 'लोगो' राष्ट्र भावना से ओतप्रोत है, जिसमें संस्कृत भाषा में 'स्वरक्तैः स्वराष्ट्रं रक्षेत' लिखा हुआ है। जिसका अर्थ है कि 'हम अपने रक्त से अपने राष्ट्र की रक्षा करते है। प्रदेश में ऐसा पहली बार हो रहा है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर पूरे प्रदेश में स्वतंत्रता संग्राम के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया जा रहा है।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 राष्ट्रीय सहारा लखनऊ

सेनानियों की शहादत को राष्ट्रीय फलक दे रही भाजपा

राकेश कुमार सिंह

- चौरीचौरा कांड के शताब्दी समारोह की भव्यता के साक्षी बने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- वर्ष पर्यन्त शहीदों की स्मृति में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

आजादी की लड़ाई को नई दिशा देने वाले पूर्वांचल में हुए चौरीचौरा कांड के शताब्दी समारोह के बहाने केन्द्र से लगायत प्रदेश तक में राज्य कर रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार सेनानियों के त्याग, बलिदान और शहादत को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने में जी जान से जुट गयी है।

इसकी शुरुआत आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने वर्चुअल सभाओं से की तो सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद समारोह स्थल चौरीचौरा में मौजूद रहे। इन सभी ने इस मौके पर शहीदों और किसानों की खूब हौशला आफजाई की और जमकर इनका उत्साहवर्धन किया। आगामी 4 फरवरी 2022 को चौरीचौरा कांड के 100 पूरे होने जा रहा है। इस कांड में अंग्रेजी हुकूमत को दहला दिया था। रोलेक्ट एक्ट-1919 व खिलाफत आंदोलन के समर्थन में सन् 1922 में इसी चौरीचौरा के भोपा बाजार में विदेशी कपड़ों व वस्तुओं के बहिष्कार से जो चिन्गारी निकली उसका परिणाम यह हुआ कि उग्र ग्रामीणों ने पुलिस की ओर से गोलियां चलाये जाने पर पूरा थाना ही फूंक दिया था। पुलिस की गोलियों से तीन प्रदर्शनकारियों की मौत हुई थी तो सरपत और मूंज में मिट्टी का तेल मिलाकर थाने को जला दिया गया था जिसमें थानाध्यक्ष समेत 23 लोगों की मौत हुई थी। तब तत्कालीन अंग्रेज शासकों ने चौरीचौरा और आसपास के इलाकों में मार्शल लॉ लगा दिया था। 200 से अधिक लोग गिरफ्तार हुए जिन पर आगजनी, लूट व हत्या का मुकदमा चला। इस कांड में 172 लोगों को फांसी की सजा सुनाई गयी थी, जिसकी पैरवी हाईकोर्ट इलाहाबाद में महामना मदन मोहन मालवीय ने की थी। उनकी पैरवी के चलते 19 को फांसी की सजा से मुक्ति नहीं मिली लेकिन 110 लोगों को आजीवन कारावास हुआ तो 38 लोगों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया गया था।

इस शताब्दी समारोह के दौरान वर्ष पर्यन्त सरकार आजादी के ज्ञात-अज्ञात शहीदों व ऐसी घटनाओं का सर्वेक्षण व शोध भी कराने जा रही है। वर्ष भर शहीदों स्मारकों पर द्वीप प्रज्वलित होगा। चौरीचौरा के साथ ही विठुर मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज व काकोरी (लखनऊ) में ध्वनि प्रकाश कार्यक्रम आयोजित होंगे। सेनानियों की फोटो प्रदर्शनी लगायी जाएगी।

वंदे मातरम् का संवेत गायन कर विश्व रिकार्ड बनाने की तमन्ना है तो वहीं चौरीचौरा कांड में सूबे में 10वीं के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मंजूरी मिल चुकी है। इस मुद्दे पर सरकार की मंशा स्पष्ट है कि वह चौरीचौरा कांड को राष्ट्रीय फलक पर व्यापक स्वरूप देने की तैयारी में जुट गयी है।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 अमर उजाला लखनऊ

किसानों के घर, जमीन पर कोई बुरी निगाह नहीं डाल सकता : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने आंदोलन के बीच चौरीचौरा शताब्दी समारोह के उद्घाटन पर किसानों को किया आश्वस्त

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देश के किसानों को आश्वस्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों के घर, जमीन पर कोई बुरी निगाह नहीं डाल सकता है। सारी कवायद देश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए की जा रही है। किसान आत्मनिर्भर बनेंगे तो देश और तेजी से विकास करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चौरीचौरा शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया। डाक टिकट जारी करने के बाद 24 मिनट 12 सेकंड के संबोधन में पांच मिनट तक किसानों की भलाई पर बोलते रहे।

शहीदों को नमन कर बोले- सारी कवायद किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की



केंद्र ने यूपी में भी प्रधानमंत्री स्वामित्व किसान योजना की शुरुआत की है। जब जमीन व घर के सही कागज होंगे तो बाजार दर से कीमत तय होगी। बैंक आसानी से ऋण देंगे। गांव के लोगों के घर, जमीन पर कोई अपनी बुरी दृष्टि नहीं डाल पाएगा। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

किसान आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए छह सालों से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कोरोना महामारी की चुनौतियों के बीच भी कृषि क्षेत्र मजबूती से आगे बढ़ा है। हमारा किसान और सशक्त होगा तो कृषि क्षेत्र में प्रगति और तेज होगी। इसके लिए आम बजट में कई कदम उठाए गए हैं। सारे फैसले किसानों को आत्मनिर्भर बनाएंगे। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ चौरीचौरा में मौजूद रहे जबकि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल वेब लिंक से जुड़ीं।



गोरखपुर में चौरीचौरा स्थित शहीद स्मारक के पास आयोजित महोत्सव में सीएम योगी को स्मृति चिह्न दिया गया।

सीएम ने ट्विटर हैंडल पर लगाया चौरीचौरा का लोगो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने चौरीचौरा जनाक्रोश के शहीदों के सम्मान में अपनी डीपी बदल दी। सीएम ने बृहस्पतिवार को ट्विटर पर लगी अपनी फोटो वाली डीपी को हटाते हुए चौरीचौरा के लोगो को 15 घंटे के लिए डीपी बनाया। यह पहला मौका है जब शहीदों के सम्मान में किसी मुख्यमंत्री ने अधिकृत ट्विटर हैंडल से अपनी डीपी हटा कर शहादत का लोगो लगाया है।

योगी बोले- आजादी से जुड़े शोध को बढ़ावा देगी सरकार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को चौरीचौरा स्थित शहीद स्मारक के पास आयोजित चौरीचौरा शताब्दी समारोह के दौरान कहा कि वर्ष 1857 से लेकर 1947 तक स्वतंत्रता आंदोलन पर शोध को प्रदेश सरकार बढ़ावा देगी। इसकी शुरुआत चौरीचौरा शताब्दी समारोह से की जा रही है। चौरीचौरा की घटना ने देश की स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी थी।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े साहित्य की प्रदर्शनी, कवि सम्मेलन एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विशिष्ट शोध को बढ़ावा देने का काम सरकार शुरू कर रही है। यह कार्यक्रम स्वदेशी और स्वावलंबन की भावना से ओतप्रोत है। इस भाव से ही हम आत्मनिर्भर भारत अभियान की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न विद्यालयों में वर्ष भर स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी लेखन, पेंटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि के आयोजन किए जाएंगे।

>> सम्मान पाकर भावुक हुए शहीदों के परिजन : पेज 7

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 अमर उजाला लखनऊ

सम्मान पाकर भावुक हुए शहीदों के परिजन

चौरीचौरा शताब्दी समारोह में शहीदों के 17 परिजनों को सीएम योगी ने किया सम्मानित, 102 परिवारों को मिला सम्मान

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। चौरीचौरा महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर शहीदों के 17 परिजनों को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। परिजनों ने कहा कि यह हमारा नहीं बल्कि हमारे पुरखों के बलिदान का सम्मान है।

उनकी आंखें नम थी लेकिन मस्तक गर्व से ऊंचा था। हो भी क्यों न, वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके पुरखों की शहादत को हाथ जोड़कर नमन कर रहे थे। परिजनों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह क्षण हमारे जीवन की धरोहर है। फांसी का फंदा चूमकर हमारे पुरखों ने सौ साल पहले देश को स्वतंत्र कराने में जो योगदान किया था आज पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान कुल शहीदों के 102 परिजनों को सम्मानित किया गया। सीएम के हाथों सम्मान पाकर परिजन भावुक हो गए। चौरीचौरा शताब्दी समारोह के तहत 4 फरवरी 2022 तक पूरे प्रदेश में कार्यक्रम होंगे। ब्यूरो

चौरीचौरा शताब्दी समारोह में शहीद झिंगनु की पौत्रवधू सावित्री देवी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समारोह देखने के लिए उमड़े लोग।

बोले परिजन-बलिदानियों को जान सकेगा अब पूरा देश

इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देता हूं। आज पूरा क्षेत्र हमारे पूर्वजों के सम्मान में खड़ा है। बहुत ही अभिभूत हूं, इससे ज्यादा अब कुछ नहीं बयां कर सकता। - **गुलाब चौरसिया,** मुंडेरा बाजार, शहीद रामरूप के पौत्र

पूर्वज के बलिदान को इस तरह सम्मान मिलने से अभिभूत हूं। सम्मान तो पहले भी मिला लेकिन इस तरह पूरा देश नहीं देख पाया था। अब पूरे देश के लोग पूर्वजों के त्याग के बारे में जान सकेंगे। - **हरिलाल मौर्य,** रामपुर रकबा, शहीद इंद्रजीत के पौत्र)

सुबह से ही गांव में लोग बधाई दे रहे हैं। योगी जी ने सम्मान देकर पूर्वजों के बलिदान को गौरवान्वित किया है। बहुत खुशी हुई कि हम लोगों की सरकार ने सुध ली है। - **सावित्री देवी,** मुंडेरा बाजार, शहीद झिंगनु, की पौत्र वधू

मेरे दादा ने देश के लिए जो बलिदान दिया था उसे सरकार नमन कर रही है, इससे बड़ा सम्मान मेरे लिए कुछ नहीं हो सकता। इस पल के इंतजार में रात भर मैं सो नहीं पाया। - **रामनवल,** रूदलापुर खोराबार, शहीद चमरू के पौत्र

योगी बोले- स्वतंत्रता आंदोलन को चौरीचौरा ने दी एक नई दिशा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चौरीचौरा की घटना ने देश की स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी थी। चार फरवरी 1922 को देश की स्वतंत्रता के लिए पुलिस और स्थानीय जनता के बीच संघर्ष शुरू हुआ जिसमें पुलिस की गोली से तीन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद हो गए थे। ब्रिटिश हुकूमत ने इस घटना के बाद 228 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के खिलाफ मुकदमा चलाया था जिसमें 225 सेनानियों को विभिन्न प्रकार की सजा दी गई थी। यह घटना देश के स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा देने वाली साबित हुई।

तीन सौ रुपये है चौरीचौरा शताब्दी वर्ष पर जारी विशेष डाक टिकट शीट का मूल्य



गोरखपुर। चौरीचौरा शताब्दी वर्ष के मौके पर जारी किए गए विशेष डाक टिकट की 5 हजार शीट्स मुद्रित (प्रकाशित) की गयीं हैं, जिनमें कुल 60 हजार डाक टिकट हैं। पोस्टमास्टर जनरल वाराणसी कृष्ण कुमार यादव तथा पोस्टमास्टर जनरल गोरखपुर आकाश दीप चक्रवर्ती ने बताया कि इस कस्टमाइज्ड डाक टिकट शीट व विशेष आवरण का मूल्य क्रमशः रु. 300/- तथा रु. 25/- रखा गया है। फिलेटलिक ब्यूरो, प्रधान डाकघर के साथ-साथ चौरी डाकघर से भी ये बिक्री किये जायेंगे। शहीद स्मारक स्थित कार्यक्रम स्थल पर उत्तर प्रदेश के चीफ पोस्टमास्टर जनरल कौशलेंद्र कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डाक टिकट व आवरण का विशेष सेट भेंट किया। चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि चौरीचौरा घटना का राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में ऐतिहासिक महत्व है और इसकी शताब्दी पर जारी कस्टमाइज्ड डाक टिकट के माध्यम से न सिर्फ वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी इसे व्यापक परिप्रेक्ष्य में देख सकेंगी। संवाद

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 अमर उजाला लखनऊ

पीएम ने मुख्यमंत्री की जमकर की तारीफ

पीएम ने चौरीचौरा शताब्दी महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली यूपी सरकार की प्रशंसा की और कहा कि जब आजादी के 75वें वर्ष में देश प्रवेश कर रहा है तो यह समारोह इसे और प्रासंगिक बना देता है। लोक कला, संस्कृति और आत्मनिर्भरता को इस महोत्सव से जोड़ने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री के इस प्रयास से लोग चौरीचौरी का सच जान सकेंगे साथ ही इतिहास के पन्नों में जो तथ्य वर्षों तक दर्ज नहीं हो सके अब उन्हें सुधारा जाएगा। पीएम ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए खून बहाने वाले शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अब ऐसी परिस्थिति नहीं मगर हमें कम से कम अपने देश के लिए जीने का संकल्प तो जरूर लेना चाहिए।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 अमर उजाला लखनऊ

बजट पहले वोट बैंक के हिसाब-किताब का बही खाता था, अब विकास का प्रतीक : मोदी

महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार।

गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौरी चौरा शताब्दी समारोह के उद्घाटन पर विपक्ष पर निशाना साधा और आम बजट की खुले मन से सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों से हमारे देश में बजट का मतलब बस इतना था कि किसके नाम पर क्या घोषणा कर दी गई। पूर्ववर्ती सरकारों के समय बजट सिर्फ वोट बैंक के हिसाब-किताब का बही खाता भर था मगर भाजपा सरकार में यह विकास की राह प्रशस्त करने का प्रतीक है।

पहले की सरकारों ने बजट को ऐसी घोषणाओं का माध्यम बना दिया था जो वे कभी पूरी ही नहीं कर पाते थे। मगर अब सोच बदल गई है। भाजपा सरकार जो वादे करती है, उसे पूरा करके भी दिखाती है। लंबे समय तक महामारी से लड़ने के बाद भी बजट में आम आदमी पर कर का कोई भार नहीं बढ़ा बल्कि सरकार ने विकास पर खर्च बढ़ाया है। ब्यूरो

हर जिले में बनेगी आधुनिक टेस्टिंग लैब

पीएम ने कहा कि सभी जिलों में आधुनिक टेस्टिंग लैब बनाई जाएगी। जिलों में ही टेस्टिंग की व्यवस्था रहेगी। इस बार स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया गया है। सरकार की मंशा है कि गांव, कस्बे में इलाज की ऐसी व्यवस्था हो कि शहरों की तरफ भागने की जरूरत न पड़े। शहरों के अस्पतालों में इलाज कराने में दिक्कत न आए। कोरोना वायरस की चुनौतियों से भारत मजबूती से लड़ा है। इसकी दुनिया भर में तारीफ हुई है।

लाखों युवाओं को मिलेगा रोजगार

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए खर्च पर ज्यादा जोर है। अब सड़कें चौड़ी होंगी। गांव को शहरों, बाजार व मंडियों से जोड़ने का काम चल रहा है। नए पुल बनेंगे। रेल की पटरियां बिछेंगी। नई रेल व बसें चलेंगी। शिक्षा व्यवस्था और बेहतर होगी। युवाओं के लिए बेहतर व्यवस्था बने, इसके लिए बजट में अनेक फैसले हैं। जब सरकार निर्माण पर ज्यादा खर्च करेगी तो लाखों युवाओं को नौकरी मिलेगी। आय बढ़ेगी।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 जागरण लखनऊ

उत्सव के रूप में मना चौरी-चौरा कांड का शताब्दी वर्ष

शहरभर में हुए आयोजन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद स्मारक पर दी पुष्पांजलि, विद्यार्थियों ने निकाली प्रभातफेरी

जागरण संवाददाता, लखनऊ: अपने प्राण न्यौछावर कर देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले वीर शहीदों को गुरुवार को शहर ने नमन किया। चौरी-चौरा कांड के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत शहीद स्मारक पर आयोजन किया गया। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और मेयर संयुक्ता भाटिया ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि दी और दीपदान किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्ववर्ती विपक्ष की सरकारों ने देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले शहीदों को इतिहास में वह स्थान व सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। चौरी-चौरा जनविद्रोह शताब्दी दिवस पर भाजपा के स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए स्वतंत्रदेव ने शहीदों के सम्मान में सरकार द्वारा किए कार्यों की सराहना की।

उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि चौरी-चौरा की घटना ने आजादी के आंदोलन में पूरे देश का वातावरण बदलकर रख दिया था। इसे कांड के रूप में नहीं, पर्व के रूप में देखा जाना चाहिए।

कार्यक्रम में क्रांतिकारी काला पानी की सजा पाए डा. शंकर लाल सिंघल के पुत्र डा. बीबी सिंघल पौत्र नितिन सिंघल का सम्मान किया गया। डा. शब्बीर, कारगिल शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के पिता गोपीचंद्र पांडेय आदि को सम्मानित किया।

नकारात्मक भूमिका में विपक्ष : किसान आंदोलन को लेकर पूछे गए मीडिया के सवालों पर डिप्टी सीएम ने कहा कि मुद्दाविहीन विपक्ष नकारात्मक भूमिका में है।

बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी: चौरी-चौरा कांड के शताब्दी दिवस पर गोमतीनगर में स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। मनोज पांडेय चौराहे पर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया। आर्यकुल ग्रुप आफ कालेज के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

चौरी-चौरा शताब्दी वर्ष समारोह के तहत शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में दीपदान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा व महापौर संयुक्ता भाटिया • जागरण

मुख्यमंत्री कार्यालय के ट्विटर डीपी पर भी चौरी-चौरा का लोगो

राब्यू, लखनऊ : चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव के शुभारंभ के साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारिक ट्विटर एकाउंट की डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) भी बदल गई है। इसमें पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो लगी थी, जिसके स्थान पर गुरुवार को चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव का लोगो लगा दिया गया। इस पर सूत्र वाक्य- स्वरक्तैः स्वराष्ट्रं रक्षेत अर्थात हम अपने रक्त से अपने राष्ट्र की रक्षा करते हैं, लिखा है।

शताब्दी समारोह बलिदानियों के प्रति श्रद्धा अर्पित करने का अवसर : मुख्यमंत्री

जासं, गोरखपुर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि चार फरवरी, 1922 को चौरी चौरा में हुए जनाक्रोश ने न केवल स्वाधीनता आंदोलन की दिशा बदल दी, बल्कि देश को आजाद कराने का अमूल्य संघर्ष भी यहीं से शुरू हुआ। यह शताब्दी समारोह उन हुतात्माओं और बलिदानियों के प्रति श्रद्धा अर्पित करने का अवसर है। गुरुवार को चौरी चौरा शताब्दी समारोह के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस आयोजन को शुरू करने की प्रेरणा हमें पीएम मोदी से मिली। राज्यपाल को आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले जवानों को श्रद्धा निवेदित करने की श्रृंखला आज से शुरू होगी। स्मारक स्थलों पर तिथि विशेष को जहां घटना से संबंधित कार्यक्रम होंगे, वहीं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। सीएम ने शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण कर स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित करके बलिदानियों को नमन किया। मुख्य मंच से शहीदों के स्वजन को सम्मानित कर स्मृतिचिह्न एवं अंगवस्त्र प्रदान किया। यहां दिव्यांगजन को मोटर चालित ट्राई साइकिल भी दी। पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. नीलकंठ तिवारी ने चौरी चौरा शताब्दी समारोह के लोगो का स्मृतिचिह्न देकर सीएम का अभिनंदन किया।

लविवि के शिक्षक डा. अशोक ने तैयार किया चौरी-चौरा लोगो का स्लोगन

जासं, लखनऊ : 'स्वरक्तैः स्वराष्ट्रं रक्षेत्' चौरी-चौरा दिवस पर राज्य सरकार की ओर से जारी लोगों पर लिखे इस स्लोगन को लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अशोक कुमार शतपथी ने तैयार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आग्रह पर संस्कृति विभाग ने स्लोगन तैयार करने की जिम्मेदारी इनको दी थी।

डा. अशोक कुमार शतपथी बताते हैं कि संस्कृति विभाग ने चौरी-चौरा दिवस पर लोगो के लिए स्लोगन तैयार करने की जिम्मेदारी दी थी। कहा गया था कि स्लोगन राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र भावना युक्त तथा वीर रस से जुड़ा होना चाहिए। उसी को ध्यान में रखकर वीर रस को दर्शाते हुए स्लोगन तैयार किया। स्लोगन 'स्वरक्तैः स्वराष्ट्रं रक्षेत्' अर्थात अपने रक्त के बलिदान से अपने राष्ट्र की रक्षा करनी चाहिए। इसमें वीर रस दिखाते हुए राष्ट्र प्रेम के भाव को दिखाया गया है। इस स्लोगन में अनुष्टुप छंद की लय है। इससे श्लोक भी तैयार किया जा सकता है। डा. शतपथी बताते हैं कि चौरी-चौरा दिवस पर जारी किए गए लोगो में स्लोगन का शामिल होना बहुत ही गर्व की बात है। गौरतलब है कि डा. अशोक लविवि के संस्कृत विभाग में वर्ष 2011 से असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में पढ़ा रहे हैं।

लोगो पर लिखा स्लोगन और प्रो. डा. अशोक शतपथी। • सौ. लविवि

कैनवास पर दिखेंगी चौरी-चौरा और काकोरी कांड की स्मृतियां

लखनऊ : राज्य ललित कला अकादमी में गुरुवार से पांच दिवसीय मूर्तिशिल्प शिविर की शुरुआत हुई। चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित शिविर में प्रदेश के 10 मूर्तिकार हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में मूर्तिकार स्वातंत्र्य वीर अर्चन विषय पर चौरी-चौरा और काकोरी कांड की स्मृतियों को कैनवास पर उकेरेंगे। उद्घाटन मुख्य अतिथि काकोरी कांड के क्रांतिवीर रामकृष्ण खत्री के पुत्र उदय खत्री, विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव डा. चंद्रभूषण, अध्यक्ष सीताराम कश्यप ने किया।

निरीक्षा शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

दै0 अमर उजाला लखनऊ

चौरीचौरा ने अंग्रेजी शासन को दी थी चुनौती

चौरीचौरा घटना के शताब्दी समारोह पर शहर में कई जगह आयोजन, अमर शहीदों को किया नमन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। चौरीचौरा के जन आंदोलन की चिंगारी ने समूचे देश में आजादी की नई अलख जगाई थी। राष्ट्रभक्तों ने ब्रिटिश साम्राज्य के प्रतीक थाने को ध्वस्त कर अंग्रेजी शासन को चुनौती दी। इस जन आंदोलन ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये बातें बृहस्पतिवार को शहीद स्मारक स्थल पर चौरीचौरा घटना के शताब्दी महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहीं।

उन्होंने कहा कि ये घटना आकस्मिक थी, जिसमें अंग्रेजी शासनकाल की दमनकारी नीतियों के खिलाफ एक उग्र प्रदर्शन हुआ। घटना ने अंग्रेजी शासन प्रणाली को मुंहतोड़ जवाब दिया। घटना आजादी की लड़ाई का वह मुकाम थी, जिसने शासन प्रणाली को सोचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर उन्होंने महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा घटना में सजा पाए लोगों को फांसी कि सजा से बचाए जाने में किए गए सराहनीय प्रयासों का भी जिक्र किया। अवसर पर शहीद स्मृति स्थल एवं शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की। परमवीर चक्रस् विजेता शहीद मनोज पांडे के पिता गोपीचंद्र पांडे, काला पानी की सजा पाने वाले डॉ. शंकर लाल सिंघल के पुत्र डॉ. बीबी सिंघल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मो. शब्बीर को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महापौर संयुक्ता भाटिया, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारीजन मौजूद रहे।

चौरीचौरा घटना के शताब्दी समारोह पर बृहस्पतिवार को शहीद स्मारक पर दीपदान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, महापौर संयुक्ता भाटिया।

छात्रों ने निकाली प्रभातफेरी

लखनऊ। चौरीचौरा घटना के शताब्दी समारोह पर शहर के कई स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकालकर अमर शहीदों को याद किया। कानपुर रोड स्थित सिटी मोन्टेसरी स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति नारों के साथ प्रभातफेरी निकाली। साथ ही देश की सुरक्षा एवं विकास को सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक एकता व शांति की अलख जगाई। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी, वरिष्ठ प्रधानाचार्या डॉ. विनीता कामरान समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। बल निकुंज के सभी शाखा के छात्रों ने हाथ में तिरंगा लेकर वंदे मातरम का गायन करते हुए प्रभातफेरी निकाली। इसमें प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल, प्रधानाचार्या अनूप कुमारी शुक्ला, सुधीर मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव समेत कई मौजूद रहे। अमीनाबाद इंटर कॉलेज में छात्रों व शिक्षकों ने प्रभातफेरी निकाली गई। झंडे वाले पार्क में तिरंगे के नीचे खड़े होकर वंदे मातरम गाया। मोती नगर स्थित बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्राओं व शिक्षिकाओं ने भी प्रभातफेरी निकाली। स्वतंत्रता संग्राम विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में नवयुग कन्या पीजी कॉलेज में इतिहास की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभा मिश्रा ने छात्राओं को चौरी-चौरा घटना की जानकारी दी। प्रधानाचार्या डॉ. लीना मिश्र समेत शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। नगर निगम डिग्री कॉलेज के छात्रों ने भी रैली निकाली।

आजाद के अस्थि कलश की प्रदर्शनी शुरू, विश्वविद्यालय व कॉलेजों में भी याद किए गए अमर शहीद

